उत्तर प्रदेश में छठे चरण का मतदान

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश में **वर्ष 2024 के** लोकसभा **चुनाव के छठे चरण में** पूर्वांचल क्षेत्र **के 14 निर्वाचन क्षेत्रों में 54.03% मतदान** दर्ज किया गया।

मुख्य बिंदु:

- भारतीय निर्वाचन आयोग के आँकड़ों के अनुसार, समान सीटों के लिये मतदान प्रतिशत वर्ष 2019 के मतदान प्रतिशत 54.49 से थोड़ा कम हो गया।
    - जैसे-जैसे चुनाव **पश्चिम यूपी निर्वाचन क्षेत्रों (पहले तीन चरण) से मध्य यूपी (चरण 4 और 5) से पूर्वी यूपी (चरण 6, जिसमें 14 लोकसभा सीटें शामिल थे)** तक चला गया, मतदाता प्रतिशत में कमी देखी गई।
    - **पहले चरण में 61.11 %** मतदान हुआ। **दूसरे चरण में यह 55.19%, तीसरे चरण में 57.34%, चौथे चरण में 58.22% और पाँचवें चरण में 58.02% था। छठे चरण में** पूर्वी यूपी की 14 लोकसभा सीटों पर **54.03 %** मतदान हुआ।

यूपी का पूर्वांचल क्षेत्र

- इसमें **जौनपुर, संत रविदास नगर, आज़मगढ़, वाराणसी, गोरखपुर, बलिया और गाज़ीपुर** के क्षेत्र शामिल हैं।
- इस **मैदान के उत्तरी भाग का निर्माण राप्ती एवं घाघरा नदियों** द्वारा हुआ है। इसे **दक्षिण से उत्तर तक राप्ती खादर, सरयूपार मैदान और पुरबिया मैदान** के नाम दिये गये हैं।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-s-6th-round-voter-turnout